वर्ष- 3 , अंक- 119
छपरा
29 मार्च रविवार
2026
पृष्ठ - 04

# दैनिक खोजखबर
खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

मोदी ने देश के सबसे बड़े एयरपोर्ट का उद्घाटन किया:

# बोले- युद्ध के संकट से देश को एकजुट होकर लड़ना है






**नोएडा,एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को यूपी के जेवर में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के फेज-1 का उद्घाटन किया। यह अभी देश का सबसे बड़ा और एशिया का दूसरा सबसे बड़ा एयरपोर्ट है। 4 फेज पूरे होने पर एशिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट हो जाएगा।

पीएम ने जनसभा को संबोधित करते हुए लोगों से इजराइल-अमेरिका और ईरान की जंग से उपजे संकट से एकजुट होकर लड़ने की अपील की। उन्होंने कहा- कल सभी राज्यों के सीएम से चर्चा हुई। देशवासियों से कहूंगा कि धैर्य और एकजुटता के साथ इस संकट का सामना करें। ये पूरी दुनिया को परेशान करने वाला संकट है।

प्रधानमंत्री ने कहा- देश के राजनीतिक दलों से कहना चाहता हूं कि संकट की घड़ी में ऐसी बातें करने से बचें, जो देश के लिए नुकसानदायक हैं। देश को नुकसान पहुंचाने वाली हरकतों को जनता कभी माफ नहीं करेगी।

एयरपोर्ट के पहले फेज का काम पूरा हो गया है। इसमें करीब 3300 एकड़ जमीन पर टर्मिनल और रनवे बनाए गए हैं। यह टर्मिनल हर साल लगभग 3 करोड़ यात्रियों को संभाल सकेगा। इस पूरे प्रोजेक्ट पर करीब 11 हजार करोड़ रुपए खर्च हुए हैं।

**'पश्चिम एशिया में युद्ध की वजह से दुनिया के सामने संकट खड़ा हुआ'** :पश्चिम एशिया में युद्ध चल रहा है। इसके चलते कई देशों में संकट पैदा हो गया है। भारत बड़ी मात्रा में कच्चा तेल और गैस युद्ध-प्रभावित क्षेत्रों से मंगाता है। इसलिए सरकार हर वह कदम उठा रही है, जिससे सामान्य परिवारों और किसानों पर बोझ न पड़े। 140 करोड़ देशवासी इस मुसीबत का एकजुट होकर सामना करें।

### योगी बोले- पूरी दुनिया में पेट्रोलियम के दाम आसमान छू रहे, हमारे यहां सब ठीक

सीएम योगी ने कहा कि यूपी की 25 करोड़ जनता की ओर से पीएम का हृदय से स्वागत करता हूं। कल ही रामनवमी के पावन अवसर पर पूरे देश के अंदर उत्साह का माहौल था। पूरी दुनिया में वर्तमान में अराजकता का माहौल है। पेट्रोलियम उत्पादों के दाम आसमान छूते हुए दिखाई दे रहे हैं, लेकिन पीएम मोदी की दूरदर्शी सोच की वजह से देश में सब कुछ ठीक है। उन्होंने कहा कि देश में पेट्रोलियम के दाम स्थिर है। आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। अमेरिका जैसे देशों में पेट्रोलियम के उत्पादों की कीमत बढ़ी हुई दिख रही है। पड़ोसी देशों में भी ऐसा दिख रहा है। वहां के देशों में अव्यवस्था बन चुकी है। पब्लिक में कोटा सिस्टम लागू करना पड़ रहा है, लेकिन हमारे देश में उत्पादन को बनाए रखने और एक्साइज ड्यूटी कम करने का निर्णय लिया गया। मैं इसके लिए प्रदेशवासियों की ओर से हृदय से आभार व्यक्त करता हूं।

**पीएम मोदी विपक्ष के लिए बोले- ऐसी बातें करने से बचें, जो देश के लिए नुकसानदायक** :पीएम मोदी ने कहा कि देश के सभी राजनीतिक दलों से आग्रहपूर्वक कहना चाहता हूं कि इस प्रकार के संकट में ऐसी बातें करने से बचें, जो देश के लिए नुकसानदायक हैं। उन्होंने कहा कि जो भारतीयों के हक में है, हित में है, वहीं भारत सरकार की नीति और रणनीति है। राजनीति के लिए गलत बयानबाजी करने के लिए राजनीतिक बहस में कुछ नंबर तो पा लेंगे, लेकिन देश को नुकसान पहुंचाने वाली हरकतों को देश की जनता कभी माफ नहीं करेगी।

उन्होंने कहा कि कोरोना काल में भी कुछ लोगों ने गुमराह किया, झूठ बोले, लेकिन जनता ने चुनावों के दौरान ऐसी राजनीति को नकार दिया। ठुकरा दिया। मुझे भरोसा है कि देश के राजनीतिक दल इससे सबक सीखेंगे और एकजुट प्रयासों को बल देंगे, ताकत देंगे।

शाह ने ममता सरकार के खिलाफ आरोप पत्र जारी किया

# बोले- इसमें टीएमसी के काले कारनामे, बंगाल का यह चुनाव देश की सुरक्षा के लिए अहम





**नई दिल्ली/ गुवाहाटी/ कोलकाता,एजेंसी।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शनिवार को कोलकाता में ममता सरकार के खिलाफ आरोप पत्र जारी किया। कहा- इसमें भ्रष्ट सरकार के 15 साल के काले कारनामों का जिक्र है, ये जनता की चार्जशीट है। बंगाल अराजकता और बदहाली है।यहां की अर्थव्यवस्था चौपट हो चुकी है। बंगाल में झूठ की राजनीति हो रही है, भय और भ्रष्टाचार भ्रष्ट के हथियार हैं। इस बार का चुनाव देश की सुरक्षा के लिए अहम है। ममता सरकार घुसपैठियों को बचाती है। जनता BJP को चुनने का मन बना चुकी है। उधर असम के असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने कांग्रेस पर सिर्फ एक समुदाय की पार्टी होने का आरोप लगाया। हिमंता ने कहा कि लगभग 99 प्रतिशत हिंदू कांग्रेस छोड़ना चाहते हैं। राज्य में इसके टूटने का प्रोसेस पहले ही शुरू हो चुका है। नतीजों के बाद, कांग्रेस एक ही कम्युनिटी की पार्टी बन जाएगी।

**गृह मंत्री ने कहा- घुसपैठियों से मुक्त बंगाली समाज की रचना के भरोसे का चुनाव है** :गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, यह चुनाव शांति के भरोसे का है। सम्मान की जिंदगी की गारंटी का है। मुफ्त इलाज के भरोसे का है। पक्के घर के अधिकार का है। मुफ्त बिजली हर गरीब तक पहुंचाने का है। युवाओं के उज्जवल भविष्य का चुनाव है। घुसपैठियों से मुक्त एक बंगाली समाज की रचना के भरोसे का चुनाव है। और यही भरोसा बंगाल के चुनाव का मुद्दा बना है। शाह बोले- बंगाल की जनता ने तय किया है कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाई जाएगी अमित शाह ने कहा- इस बार बंगाल की जनता ने तय किया है कि प्रचंड बहुमत के साथ प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाई जाएगी। यह चुनाव, जान जाने के भय से मुक्ति का चुनाव है। आजादी छिनने के भय से मुक्ति का चुनाव है। अपनी संपत्ति लुटने के भय से मुक्ति का चुनाव है। रोजगार छिनने के भय से मुक्ति का चुनाव है। महिलाओं की सुरक्षा के खतरे से मुक्ति का चुनाव है। युवाओं के भविष्य पर छाए भय और अंधकार से मुक्ति का चुनाव है।

### हिमंता बोले- 99% हिंदू कांग्रेस छोड़ना चाहते हैं

रिजल्ट बाद बस एक समुदाय की पार्टी बन जाएगी; शिवराज ने कहा- असम में बीजेपी की लहर

**नई दिल्ली/ गुवाहाटी ,एजेंसी।** असम के असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कांग्रेस पर सिर्फ एक समुदाय की पार्टी होने का आरोप लगाया। हिमंता ने कहा कि लगभग 99 प्रतिशत हिंदू कांग्रेस छोड़ना चाहते हैं। राज्य में इसके टूटने का प्रोसेस पहले ही शुरू हो चुका है। नतीजों के बाद, कांग्रेस एक ही कम्युनिटी की पार्टी बन जाएगी। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुवाहाटी में कहा कि हर जगह BJP के पक्ष में जोरदार लहर है। मैं यह सिर्फ कहने के लिए नहीं कह रहा हूं। हमें सेंचुरी (100 सीटें जीतना) लगाने का भरोसा है। असम में 9 अप्रैल को सिंगल फेज में चुनाव हैं। 30 मार्च को पीएम मोदी NaMo ऐप के जरिए एक रैली को वर्चुअली संबोधित करेंगे। राज्य BJP ने सभी पार्टी कार्यकर्ताओं और नागरिकों से इस अनोखी और इंटरैक्टिव पहल में हिस्सा लेने के लिए ऐप डाउनलोड करके रजिस्टर करने की बात कही है। असम में 126 सीटों वाली विधानसभा के लिए मौजूदा BJP के नेतृत्व वाली NDA सरकार और कांग्रेस के बीच मुकाबला होगा।



### दिल्ली के इंदिरा गांधी हवाई अड्डे पर विमान की आपात लैंडिंग, सभी यात्री सुरक्षित




**नई दिल्ली ,एजेंसी।** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक फ्लाइट ने आपात लैंडिंग की है। अग्निशमन विभाग के अनुसार, विमान सुरक्षित उतरा है और सभी यात्री भी सुरक्षित हैं। दिल्ली पुलिस ने बताया कि इंडिगो एयरलाइंस का एक विमान आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम से दिल्ली आ रहा था। इंजन में तकनीकी खराबी के चलते विमान की दिल्ली हवाई अड्डे पर आपात लैंडिंग कराई गई। इस दौरान रनवे पर फुल इमरजेंसी लागू कर दी गई थी और सभी आपात सेवाओं को तैयार रखा गया था।

**विमान का इंजन फेल होने के चलते हुई आपात लैंडिंग** :विमान हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतर गया है। दिल्ली पुलिस ने बताया कि विमान का इंजन फेल हो गया था। आपात लैंडिंग करने वाले विमान में 160 यात्री सवार थे। इंडिगो की विशाखापत्तनम-दिल्ली की उड़ान 6ई 579 को इंजन फेल होने के चलते आपात लैंडिंग करनी पड़ी। यह बोइंग 737 विमान था। फ्लाइट रडार24 डॉट कॉम के अनुसार, विमान ने शनिवार सुबह 10.50 बजे दिल्ली हवाई अड्डे पर सुरक्षित लैंडिंग की।

### राजस्थान में आज बारिश, ओले गिरेंगे :यूपी- बिहार में भी अलर्ट

हिमाचल में बर्फबारी की संभावना, कश्मीर में एवलांच से 7 की मौत



**भोपाल/लखनऊ/शिमला/देहरादून ,एजेंसी।** देश के अलग-अलग हिस्सों में मौसम में बदल रहा है। राजस्थान में शनिवार से एक नया वेदर सिस्टम एक्टिव होगा। इसका असर प्रदेश के सभी जिलों में रहेगा। बारिश के साथ ओले गिर सकते हैं। वहीं मध्य प्रदेश में 29 मार्च से लगातार 3 दिन बारिश की संभावना है। भोपाल, उज्जैन, ग्वालियर-जबलपुर समेत प्रदेश के करीब 40 जिलों में तेज बारिश का अलर्ट है। हालांकि, शनिवार को प्रदेश में तेज गर्मी रहेगी।

उत्तर प्रदेश में शुक्रवार को लखनऊ, कानपुर समेत 10 जिलों में रुक-रुककर बारिश हुई। अगले 5 दिनों तक मौसम ऐसे ही रहेगा। कहीं-कहीं ओले गिर सकते हैं। बिहार में आधी रात को पटना समेत 5 जिलों में आंधी के साथ बारिश हुई। आज 38 जिलों में अलर्ट जारी किया है।

हिमाचल प्रदेश में अगले छह दिन तक बर्फबारी हो सकती है।

## अयोध्या में परिवहन मंत्री के यज्ञ स्थल में लगी आग

राम मंदिर से 800 मीटर दूर हादसा; 1251 कुंड के साथ पंडाल जलकर राख

**अयोध्या,एजेंसी।** अयोध्या में परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह के यज्ञ स्थल में शनिवार दोपहर 12 बजे अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते यज्ञ स्थल, जो लगभग एक एकड़ में फैला था, पूरी तरह खाक हो गया। यह हादसा 9 दिवसीय लक्ष्मी नारायण यज्ञ के पूर्ण होने के डेढ़ घंटे बाद हुआ।

आगलगी के समय यज्ञशाला खाली थी। यज्ञशाला में 1,251 हवन कुंड बने थे। अंतिम दिन, यानी पूर्णाहुति के दिन, 50 हजार से अधिक लोग जुटे थे। यज्ञशाला में 5 हजार से अधिक यजमानों ने आहुति दी थी।



हादसा राम मंदिर से 800 मीटर दूर, सरयू तट पर स्थित बाटी बाबा के आश्रम के पास हुआ। बताया जा रहा है कि यज्ञ के पूर्ण होने के बाद एक नारियल फूटने से चिंगारी निकली, जो कपड़े से बने पंडाल में लगी। देखते ही देखते आग की लपटें पूरे यज्ञस्थल को अपनी चपेट में ले ले गईं।

परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा- कोई जनहानि नहीं हुई है। सब नियंत्रित है। एक फायर ब्रिगेड मौके पर मौजूद था। उसने तुरंत आग बुझाने का काम शुरू किया। समापन होने के डेढ़ घंटे बाद ये घटना हुई।

## 53 इकाइयों में जवानों व अधिकारियों का जोखिम-कठिनाई भत्ता बंद



### 22 से 30 हजार रुपये तक का होगा नुकसान

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की 53 इकाइयों के हजारों जवानों और अधिकारियों का जोखिम एवं कठिनाई भत्ता तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया गया है। इससे उन्हें हर माह 22 से 30 हजार रुपये का नुकसान होगा। गृह मंत्रालय ने 6 मार्च को सीआईएसएफ मुख्यालय में कहा था कि 2019 के कार्यालय ज्ञापन ओएम के तहत जवानों-अधिकारियों को जोखिम एवं कठिनाई भत्ता दिया जा रहा, उसकी समीक्षा की जाए। यह भी कहा था कि उन्हीं कार्मिकों को उक्त भत्ता दें, जो मंत्रालय के 22 फरवरी 2019 को जारी ओएम के अनुसार योग्य हैं।सीआईएसएफ महानिदेशालय ने ओएम के तहत यह भत्ता लेने वाले कार्मिकों की समीक्षा की। इसके बाद भत्ते रोकने का निर्णय लिया गया। यह भत्ता केंद्रीय सशस्त्र बलों के कार्मिकों को जोखिम भरे और कठिन क्षेत्रों में काम करने को दिया जाता है। जोखिम और कठिनाई का स्तर क्षेत्रानुसार बदलता है। जिन क्षेत्रों की यूनिटों पर भत्ते रोके गए हैं उनमें सर्वाधिक झारखंड के हैं।?इनके अलावा तेलंगाना, बंगाल में कुछ यूनिटों में ये भत्ते रोके गए हैं।?

**जोखिम कम होने पर हटा दिए जाते हैं भत्ते** :ये भत्ते उच्च जोखिम/ कठिनाई (आर1एच1), उच्च जोखिम/ मध्यम कठिनाई (आर1एच2) और उच्च जोखिम/कम कठिनाई (आर1एच3) अंतर्गत दिए जाते हैं। जोखिम और कठिनाई वाले क्षेत्रों में जम्मू-कश्मीर, नक्सल प्रभावित राज्य, उत्तर पूर्व के कई स्थान शामिल हैं। कई दूसरे इलाके भी सूची में हैं। जब किसी क्षेत्र में जोखिम का स्तर और कठिनाई कम होता है तो वहां पर भत्ते हटा लिए जाते हैं।

## ईरान जंग में हूती विद्रोही भी शामिल:इजराइल पर 2000 किमी से बैलिस्टिक मिसाइल दागी

कहा- मकसद पूरा होने तक हमला जारी रहेगा

**तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी,एजेंसी।** ईरान-इजराइल जंग के 28 दिन बाद अब हूती विद्रोही भी इसमें शामिल हो गए हैं। टाइम्स ऑफ इजराइल की रिपोर्ट के मुताबिक यमन में मौजूद ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने करीब 2000 किलोमीटर दूर इजराइल के दक्षिणी शहर बेर्शेबा और आसपास के इलाकों को निशाना बनाते हुए बैलिस्टिक मिसाइल दागी।

इजराइली सेना के मुताबिक, मिसाइल लॉन्च का पता चलते ही एयर डिफेंस सिस्टम को एक्टिव किया गया और खतरे को हवा में ही नष्ट कर दिया गया। इस हमले में किसी के घायल होने की खबर नहीं है। मौजूदा जंग के दौरान यमन से इजराइल पर यह पहला हमला माना जा रहा है।

रिपोर्ट के मुताबिक यमन के हूती विद्रोहियों ने इजराइल पर मिसाइल हमले की जिम्मेदारी ली है। हूती समूह ने कहा कि उसका



अभियान तब तक जारी रहेगा, जब तक उसका मकसद पूरा नहीं हो जाता।

**ईरान के हमले में एक सप्ताह में 24 अमेरिकी सैनिक घायल** :ईरान के हमलों में पिछले एक हफ्ते के दौरान 24 से ज्यादा अमेरिकी सैनिक घायल हुए हैं। टाइम्स ऑफ इजराइल के सूत्रों के हवाले से इसकी जानकारी दी है।

ईरान ने सऊदी अरब के प्रिंस सुल्तान एयरबेस पर शुक्रवार रात को 6 बैलिस्टिक मिसाइलें और 29 ड्रोन दागीं। इस हमले में कम से कम 15 सैनिक घायल हुए, जिनमें 5 की हालत गंभीर बताई जा रही है। हालांकि शुरुआत में अमेरिकी अधिकारियों ने कहा था कि करीब 10 सैनिक घायल हुए हैं, जिनमें 2 गंभीर थे। इस हफ्ते की शुरुआत में भी इस एयरबेस पर दो बार हमले हुए थे। इनमें से एक हमले में 14 अमेरिकी सैनिक घायल हुए थे। प्रिंस सुल्तान एयरबेस सऊदी अरब की राजधानी रियाद से करीब 96 किलोमीटर दूर स्थित है। यह बेस सऊदी वायुसेना के नियंत्रण में है, लेकिन इसका इस्तेमाल अमेरिकी सेना भी करती है।

### अमेरिका ने ईरान पर 850 टॉमहॉक मिसाइलें दागीं

इसे बनाने में 2 साल लगते हैं, जंग खिची तो स्टॉक खत्म होने की आशंका



**वॉशिंगटन डीसी ,एजेंसी।** ईरान के साथ युद्ध में अमेरिका ने बड़े पैमाने पर टॉमहॉक क्रूज मिसाइलों का इस्तेमाल किया। इसे अमेरिकी हथियारों के जखीरे का अहम हथियार माना जाता है। वॉशिंगटन पोस्ट के मुताबिक चार हफ्तों में 850 से ज्यादा मिसाइलें दागी गईं। अनुमान है कि अमेरिकी नौसेना के पास लगभग 4,000 टॉमहॉक मिसाइलें थीं। अगर यह सही है तो टॉमहॉक मिसाइलों का करीब एक चौथाई हिस्सा खत्म हो चुका है। रक्षा मंत्रालय के भीतर इसको लेकर चिंता बढ़ गई है।

चिंताजनक:

# देश में प्रति एक लाख जीवित जन्मों पर 24,700 मातृ मृत्यु दर्ज की गई

### नाइजीरिया में स्थिति सबसे भयावह

**नई दिल्ली,एजेंसी।** दुनियाभर में माताओं के स्वास्थ्य को लेकर किए जा रहे दावों के बीच एक चिंताजनक रिपोर्ट सामने आई है। भारत में मातृ मृत्यु दर की स्थिति अब भी गंभीर है। 2023 में भारत में प्रति एक लाख जीवित जन्मों पर 24,700 मातृ मृत्यु दर्ज की गई, जो दक्षिण एशियाई देशों में काफी अधिक है। प्रसिद्ध मेडिकल जर्नल द लैंसेट में प्रकाशित ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज (जीबीडी) 2023 के विश्लेषण में यह तथ्य सामने आए हैं। स्वास्थ्य मैट्रिक्स और मूल्यांकन संस्थान (आईएचएमई) के शोधकर्ताओं की ओर से तैयार रिपोर्ट में बताया गया है कि प्रगति के बावजूद सुधार की दर अब असमान और धीमी हो गई है। पड़ोसी देश पाकिस्तान में यह आंकड़ा 10,300 रहा। नाइजीरिया में स्थिति सबसे भयावह (32,900) है।



वैसे, 1990 की तुलना में वैश्विक स्तर पर मातृ मृत्यु दर में एक तिहाई की गिरावट आई है, लेकिन दुनिया के 204 में से 104 देश अब भी सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) के उस मानक को पूरा नहीं कर पाए हैं, जिसमें इस आंकड़े को 70 से नीचे लाने का लक्ष्य रखा गया है।

**स्वास्थ्य प्रणालियों को तत्काल मजबूत करने की जरूरत** :शोधकर्ताओं ने कहा कि 2030 के वैश्विक लक्ष्यों (एसडीजी) को पाने के लिए अब पांच साल से भी कम समय बचा है। ऐसे में स्वास्थ्य प्रणालियों को मजबूत करने और निगरानी बढ़ाने के लिए नए सिरे से वैश्विक कार्यवाही और निरंतर निवेश की तत्काल आवश्यकता है, ताकि मातृ मृत्यु दर में आ रही गिरावट की गति को तेज किया जा सके।

**मुख्य कारण और समाधान** :विशेषज्ञों ने पाया कि प्रसव के दौरान अत्यधिक रक्तस्राव और गर्भावस्था में उच्च रक्तचाप मौतों के सबसे बड़े कारण हैं। रिपोर्ट में बताया गया कि कोरोना महामारी ने टीकाकरण से पहले के दौर (2020-21) में इस संकट को और गहरा दिया था।

# दरियापुर में बाल श्रम के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

**छापेमारी में चार दुकानों से 4 बाल श्रमिक मुक्त**

**दैनिक खोज खबर/दरियापुर (सारण)।** जिला पदाधिकारी सारण के निर्देश पर श्रम संसाधन विभाग द्वारा गठित धावा दल ने शनिवार को दरियापुर प्रखंड अंतर्गत दरियापुर रेल चक्का फैक्ट्री रोड स्थित विभिन्न दुकानों एवं प्रतिष्ठानों में बाल श्रम के खिलाफ सघन छापेमारी अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान चार अलग-अलग दुकानों से कुल चार बाल श्रमिकों को मुक्त कराया गया। छापेमारी के बाद सभी मुक्त कराए गए बाल श्रमिकों को आवश्यक प्रक्रिया पूरी करते हुए जिला बाल कल्याण समिति को सुपुर्द कर दिया गया। वहीं संबंधित नियोजकों के विरुद्ध बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 की सुसंगत धाराओं के तहत कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। अभियान में दरियापुर प्रखंड के श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी राजेश कुमार, परसा प्रखंड के श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी अशोक कुमार, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी सोनु कुमार तथा दरियापुर थाना के एएसआई जितेन्द्र पासवान पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि बाल श्रम के विरुद्ध आगे भी नियमित अभियान चलाया जाएगा तथा दोषी नियोजकों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# बाबा हरिहरनाथ मन्दिर सहित अन्य देवलयों में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के मनाया गया जन्मोत्सव

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** हरिहरक्षेत्र सोनपुर स्थित बाबा हरिहरनाथ मन्दिर में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव रामनवमी का पावन पर्व शुक्रवार को श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से हीं श्रद्धालु पहलेजा घाट गंगा व नारायणी नदी सहित अन्य स्नान घाटों व घरो में स्नान कर बाबा हरिहरनाथ, लोक सेवा आश्रम में भगवान सूर्य व शनिदेव, गजेंद्र मोक्ष देवस्थान, नौलखा मंदिर, गौड़ी शंकर मंदिर भरपुरा, जड़भरत स्थान, माँ कालरात्रि, माँ अंविका भवानी सहित अन्य मंदिर व घरो में श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर जलाभिषेक किए। सभी मंदिरों में दर्शन के लिए लंबी कतारें लगी रही।

# जन शिक्षण संस्थान में कौशल प्रशिक्षण हेतु मोबिलाइजेशन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**दैनिक खोज खबरसोनपुर।** गांधी आश्रम परिसर में जन शिक्षण संस्थान, सोनपुर, द्वारा कौशल प्रशिक्षण के लिए एक भव्य एवं सफल मोबिलाइजेशन कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को किया गया। इस कार्यक्रम में एस .पी .एस 10+2 विद्यालय , सोनपुर से बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उक्त बात के जनकारी देते हुए संजय कुमार दुबे संस्थान निदेशक ने बताया कि इस कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को विभिन्न ट्रेड जैसे—ब्यूटी केयर असिस्टेंट, असिस्टेंट ड्रेस मेकर, असिस्टेंट कंप्यूटर ऑपरेटर एवं हैंड एंब्रॉयडरी आदि से संबंधित कौशल प्रशिक्षण की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को कौशल विकास के प्रति जागरूक करना तथा उनकी रचनात्मकता, बौद्धिक क्षमता एवं रोजगारपरक दक्षताओं को विकसित करना था। कार्यक्रम में उपस्थित छात्र - छात्राओं ने अत्यंत उत्साह के साथ भाग लेते हुए कौशल प्रशिक्षण के प्रति अपनी रुचि प्रदर्शित की। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक संजय कुमार दुबे ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में कौशल प्रशिक्षण का विशेष महत्व है। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को किसी न किसी कौशल में दक्ष होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने छात्रों को निरंतर सीखने, अभ्यास करने एवं अपने कौशल को निखारने के लिए प्रेरित किया।

# बिजली चोरी के आरोप में एक उपभोक्ता पर सोनपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज

**दैनिक खोज खबर)सोनपुर।** बिजली चोरी पर अंकुश लगाने के लिए सहायक विद्युत अभियंता शंभू कुमार के निर्देश पर कनीय विद्युत अभियंता सूरज कुमार, कुमार तेजस्वी व मानव बल की टीम ने सोनपुर थाना क्षेत्र के पहाड़ी चक नियर डिमू शेट के नजदीक शिव ज्योति देवी पति ओमप्रकाश राम के घर में छापेमारी की। जहाँ बिजली चोरी करते पकड़े गए। विभाग द्वारा कनेक्शन काटे जाने के बावजूद चोरी से बिजली का उपयोग करते हुए पकड़ा गया। उक्त बात के जनकारी देते हुए जेई सुरज कुमार ने शनिवार को बताया कि शिव ज्योति देवी के यहां ?36017/- बकाया होने के कारण कनेक्शन काट दिया गया था, लेकिन वे अवैध रूप से बिजली का उपयोग करते पाए गए। इससे विभाग को ?9958/- की क्षति हुई। उनसे कुल ?45975/-की वसूली की जाएगी। इस मामले में इनके खिलाफ विधुत विभाग के जेई सुरज कुमार ने सोनपुर थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

# बिजली बकायेदारों के खिलाफ विभाग का अभियान, कनेक्शन काटने की चेतावनी

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में बिजली विभाग द्वारा बकाया बिल रखने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान टीम ने कई घरों और प्रतिष्ठानों में पहुंचकर बकाया बिजली बिल की जांच की और उपभोक्ताओं को जल्द भुगतान करने का निर्देश दिया। कई कनेक्शन काट दिए गए। यह अभियान जेई अभिषेक कुमार के नेतृत्व में चलाया गया, जिसमें एरिया इंचार्ज मयंक कुमार और मानव बल माना मिस्त्री समेत विभागीय कर्मी मौजूद रहे। टीम ने क्षेत्र में घूम-घूमकर बकायेदारों की पहचान की और उन्हें बकाया राशि शीघ्र जमा करने के लिए जागरूक किया। जेई अभिषेक कुमार ने बताया कि बिजली विभाग द्वारा राजस्व वसूली को लेकर लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिन उपभोक्ताओं ने लंबे समय से बिजली बिल जमा नहीं किया है, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग हर महीने समय पर अपना बिजली बिल जमा करें, ताकि किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि निर्धारित समय पर बिल जमा नहीं करने वाले उपभोक्ताओं का बिजली कनेक्शन काट दिया जाएगा। बिजली विभाग के इस अभियान से बकायेदार उपभोक्ताओं में हड़कंप की स्थिति देखी जा रही है। विभाग ने यह भी संकेत दिया है कि आगे भी इस तरह के अभियान लगातार जारी रहेंगे।

# बाकरपुर हाट के पास से बाइक चोरी

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा मामला बाकरपुर हाट के समीप का है, जहां दिनदहाड़े एक मोटरसाइकिल की चोरी हों गई।पीड़ित मनोज कुमार सिंह के अनुसार, उन्होंने अपनी स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल बाकरपुर हाट के पास खड़ी की थी। कुछ देर बाद समान खरीद कर लौटने पर बाइक मौके से गायब मिली। इसके बाद पीड़ित ने सोनपुर थाना में आवेदन देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# बोलेरो की ठोकर से अधेड़ व्यक्ति जख्मी

**दैनिक खोज खबर/ अमनौर (सारण)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के एस एच 73 अमनौर -सोनहो मुख्य पथ खोरी पाकर खर्ग गांव के पास बोलेरो की ठोकर लगने से एक अधेड़ व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया. जिसकी सूचना पर मौके पर पहुंची अमनौर पुलिस ने घायल व्यक्ति को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया. घायल व्यक्ति थाना क्षेत्र के छपरा अभिमान गांव निवासी स्व. रामायण राय का 60 वर्षीय पुत्र रामेश्वर राय बताया गया है. घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रामेश्वर राय अमनौर बाजार से अपने घर साइकिल से लौट रहे थे कि उक्त जगह पीछे से तेज गति से आ रही बोलेरा ठोकर मारकर चलता बना. इधर गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद पीएमसीएच रेफर कर दिया. सरपंच प्रतिनिधि सुरजीत कुमार सिंह के द्वारा घायल को अस्पताल पहुंचाने में सहयोग करने तथा पुलिस अपने गाड़ी से घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने को लेकर स्थानीय लोगों ने सरपंच प्रतिनिधि व पुलिस के इस कार्य की सराहना किया.

# मशरक में एसटीएफ की बड़ी कार्रवाई हथियार, जिंदा कारतूस और कार के साथ चार अपराधी गिरफ्तार, दो फरार



**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक थाना क्षेत्र में एसटीएफ और स्थानीय पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में एक बड़ी आपराधिक साजिश का खुलासा हुआ है। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार पासवान ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर की गई इस कार्रवाई में चार शातिर अपराधियों को हथियार और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है, जबकि उनके दो साथी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गए। इस कार्रवाई से क्षेत्र में संभावित बड़ी घटना टल गई है। उन्होंने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ अपराधी मशरक थाना क्षेत्र में किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए वरीय अधिकारियों के निर्देश पर एसटीएफ और स्थानीय पुलिस की एक संयुक्त टीम का गठन किया गया। टीम ने चैनपुर ओवरब्रिज के पास घेराबंदी कर संदिग्ध वाहनों की जांच शुरू की। इसी दौरान दो गाड़ियों में सवार कुछ संदिग्ध व्यक्तियों को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन पुलिस को देखते ही वे तेजी से भागने लगे। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए उनका पीछा किया। पीछा करने के क्रम में एक काले रंग की कार को घेर लिया गया, जबकि दूसरी गाड़ी में सवार कुछ अपराधी मौके का फायदा उठाकर फरार हो गए।पकड़ी गई गाड़ी में सवार चार व्यक्तियों को पुलिस ने दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान पानापुर थाना क्षेत्र के बसंतपुर गांव निवासी राजशेखर सिंह उर्फ गोलू सिंह पिता स्व चन्द्रशेखर सिंह? , मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के प्रभुनाथ नगर निवासी हिमांशु कुमार उर्फ गोलू पिता स्व मंजय सिंह, उमा नगर निवासी वरुण राज पिता विजय कुमार तथा प्रभुनाथ नगर निवासी अमृत कुमार सिंह उर्फ रोहित सिंह पिता धर्मेंद्र कुमार सिंह के रूप में की गई है। सतजोड़ा पकड़ी नरोतम निवासी अनिल कुमार सिंह पिता स्व रविन्द्र सिंह और मुजफ्फरपुर जिले के अहियापुर थाना क्षेत्र के अहियापुर निवासी भैरव त्रिपाठी पिता जगत नारायण त्रिपाठी नामक दो अन्य आरोपी मौके से फरार हो गए, जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। पुलिस द्वारा की गई तलाशी में आरोपियों के पास से भारी मात्रा में हथियार और आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई। बरामद सामानों में 7.65 एमएम और 8 एमएम के कई जिंदा कारतूस, एक देशी कट्टा, विभिन्न कंपनियों के मोबाइल फोन तथा नकद राशि शामिल है। इसके अलावा एक काले रंग की मारुति सुजुकी फ्रॉन्क्स कार बीआर 04 एवाई 8273 को भी जब्त किया गया है, जिसका उपयोग अपराधियों द्वारा किया जा रहा था। पूछताछ के दौरान कई अहम खुलासे हुए हैं। गिरफ्तार आरोपियों ने बताया कि वे सभी मिलकर हथियार के बल पर किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे थे। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि हथियार और कारतूस खरीदने के लिए करीब एक लाख रुपये का लेन-देन किया गया था। इसमें कुछ राशि ऑनलाइन माध्यम (फोन-पे) से ट्रांसफर की गई, जबकि शेष राशि नकद दी गई थी। पुलिस के अनुसार, आरोपियों का आपराधिक इतिहास भी रहा है और वे पहले भी इस तरह के मामलों में जेल जा चुके हैं। प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि फरार आरोपी भैरव त्रिपाठी द्वारा हथियार और कारतूस उपलब्ध कराए गए थे। अनिल कुमार सिंह ने भी हथियार खरीदने में अहम भूमिका निभाई थी।इस पूरे मामले में पुलिस ने अवैध हथियार रखने, आपराधिक साजिश रचने और आर्म्स एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।गिरफ्तार चारों आरोपियों को विधिवत हिरासत में लेकर न्यायिक प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी की जा रही है। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार पासवान ने कहा कि समय रहते की गई इस कार्रवाई से एक बड़ी आपराधिक घटना को टाल दिया गया है। साथ ही, क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस लगातार सतर्क है और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है।

# इंटर परीक्षा में बेहतर परिणाम लाने वाले छात्र छात्राओं को किया गया सम्मानित

**दैनिक खोज खबर/अमनौर/सारण।** इंटर परीक्षा में बेहतर परिणाम लाने वाले छात्र -छात्राओं को एक सम्मान कार्यक्रम में सम्मानित किया गया. शनिवार को स्थानीय कंसेप्ट प्वाइंट संस्थान में आयोजित सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि जन सुराज के जिला मुख्य प्रवक्ता कुलदीप महासेठ ,कैरियर काउंसलर संदीप कुमार, रंजीत कुमार व अन्य अतिथियों द्वारा इंटर परीक्षा में बेहतर परिणाम लाने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल के साथ साइकिल, टेबल फैन,डायरी कलम आदि वस्तु भेंट कर उन्हें सम्मानित किया गया. इस मौके पर अतिथियों ने कहा कि जो विधार्थी अच्छे मुकाम हासिल किये हैं वे अपनी कड़ी मेहनत का फल है. विधार्थियों को उनलोगों से सिखने की जरूरत है. उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में कम्पिटीशन बढ गया है इसलिए गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा समय की जरूरत है. सरकारी के साथ साथ प्राइवेट सेक्टर में भी भविष्य निधि को लेकर योजनाएं है. इस कारण प्राइवेट सेक्टर में बहुत से चांस है. इस मौके पर संस्था के निदेशक मिथलेश कुमार ने सभी अतिथियों का स्वागत अंगवस्त्र भेंट कर




किया. सम्मानित किए जाने वाले बच्चों में अभिषेक कुमार सिंह (445 अंक), महम्मद कैफ (428 अंक), सुमित तिवारी ( 410 अंक), उज्वल कुमार ( 408 अंक) तथा नंदनी तिवारी ( 405 अंक) सहित चार दर्जन से अधिक छात्र-छात्राएं शामिल रही. इस अवसर पर शिक्षक दिपक कुमार सिंह, पत्रकार मनोज सिंह, पंकज मिश्रा आदि शिक्षक एवं सैकड़ों की संख्या में छात्र - छात्राएं उपस्थित रहे. सभा का संचालन शंकरनाथ चतुर्वेदी ने किया.

# कुंवारी पूजन के साथ चैत्र नवरात्र की पूर्णाहुति

**दैनिक खोज खबर/दरियापुर(सारण) ।** डेरनी स्थित गायत्री शक्तिपीठ ऋतंभरा प्रज्ञा आश्रम में नौ दिवसीय चैत्र नवरात्र अनुष्ठान की पूर्णाहुति शनिवार की संध्या 6 बजे वैदिक मंत्रोच्चार एवं धार्मिक विधि-विधान के साथ संपन्न हुई। पूर्णाहुति के उपरांत श्रद्धापूर्वक कुंवारी पूजन एवं कुंवारी भोज का आयोजन किया गया। नवरात्र के नौ दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत कर्मकांड से हुआ। कार्यक्रम के दौरान गुरुवंदना, साधना पवित्रीकरण, मंगलाचरण, षट्कर्म, गुरु आह्वान, गायत्री आवाहन तथा स्वस्तिवाचन के बाद अग्नि स्थापना कर गायत्री मंत्रोच्चार के साथ अग्निकुंड में आहुतियां अर्पित की गईं। संकल्पित



साधकों एवं श्रद्धालुओं ने विश्व शांति, प्रकृति संरक्षण एवं समस्त प्राणी जगत के कल्याण की कामना के साथ यज्ञ में भाग लिया। इस अवसर पर नामकरण, विद्यारंभ एवं मुंडन संस्कार भी वैदिक परंपरा के अनुसार संपन्न कराया गया। कुल 51 कुंवारियों का पूजन कर उन्हें सम्मानपूर्वक भोजन कराया गया। संपूर्ण धार्मिक अनुष्ठान सद्गुरु मुकेश ऋषि के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सैकड़ों महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने भाग लेकर मां गायत्री का प्रसाद ग्रहण किया। मौके पर राकेश कुमार, विट्टू कुमार, आशुतोष कुमार, भागीरथ कुमार, इंदु देवी, सुनीता देवी, राजकुमारी देवी, कुसुम देवी, धनमंति देवी, मंजू देवी, लखपति देवी, सनकेशा देवी, आशा देवी, ललिता देवी, लालती देवी, रीता देवी, दौलतिया देवी, विगनी देवी, प्रभावित देवी, सरिता कुमारी सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार-2025-26 के तहत सोनपुर मंडल को मिले 06 शील्ड




**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** शनिवार को पूर्व मध्य रेल के हाजीपुर मुख्यालय स्थित वैशाली रेल प्रेक्षागृह में आयोजित 70 वें रेल सप्ताह के दौरान महाप्रबंधक स्तरीय %विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार% में सोनपुर मंडल को वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान उत्कृष्ट कार्य हेतु प्राप्त पुरस्कार शनिवार को प्रदान किया गया। निम्नानुसार विभाग में

1. बेस्ट कोचिंग डिपो शील्ड- यांत्रिक विभाग,
2. बेस्ट ट्रेन सेट शेड डीईएमयू शेड शील्ड - यांत्रिक विभाग
3. गैर-किराया राजस्व शील्ड - वाणिज्य विभाग
4. ब्रिज मैनेजमेंट शील्ड - इंजीनियरिंग विभाग
5. कानूनी दक्षता शील्ड -
6. जनसंपर्क विभाग शील्ड

पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह से शील्ड प्राप्त करने के दौरान सोनपुर मंडल के मण्डल रेल प्रबन्धक, अमित सरन के साथ संबंधित विभागों के शाखा अधिकारी उपस्थित थे।

# ललित भारत गैस एजेंसी जलालपुर का 16वां स्थापना दिवस मनाया गया



**दैनिक खोज खबर)जलालपुर (सारण)।** प्रखंड के मिश्रवलिया स्थित ललित भारत गैस एजेंसी का 16वां स्थापना दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर कार्यालय में सत्यनारायण भगवान की कथा पूजा आयोजित की गई।ग्राहकों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए प्रोपराइटर इंजीनियर ललित कुमार सिंह ने कहा कि आज 16वां स्थापना दिवस है। इस अवसर पर सभी ग्राहकों व कर्मियों को बधाई देता हूं। उपभोक्ताओ के हितो का ख्याल रखना ही एजेंसी का प्रथम कार्य है। उन्होंने उपभोक्ताओं के लिए बताया कि गैस के लिए कैश मेमो आफिस पर नहीं कटेगा। उपभोक्ता कैश मेमो डिलीवरी स्टाफ से सम्पर्क कर प्राप्त कर सकते हैं। आफिस पर इ केवाईसी तथा अन्य आवश्यक कार्यो के लिए सम्पर्क किया जा सकता है। मौके पर राजेश्वर कुंवर, विकास कुमार सिंह, अजीत कुमार सिंह,अनिल कुमार सिंह, विनोद कुमार सिंह सहित सभी कर्मी उपस्थित थे।

# विद्यालय में नवाचार पर डॉक्युमेंटरी फिल्म का निर्माण

**दैनिक खोज खबर/नगरा/छपरा।** राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान, नई दिल्ली के नेशनल सेंटर फ़ॉर स्कूल लीडरशिप द्वारा स्कूल लीडरशिप एकेडमी, बिहार के तहत सारण जिले के नगरा प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय लोहा छपरा का चयन किया गया है। इस कार्यक्रम के तहत उक्त विद्यालय का चयन उड़ान क्लब जैसे नवाचारी कार्यक्रम के लिए किया गया है। उड़ान क्लब में छात्राओं को माहवारी स्वच्छता तथा पोषण से संबंधित विशेष जानकारी तथा मुफ्त सैनिटरी पैड दी जाती है। इस डॉक्युमेंटरी फ़िल्म का निर्देशन शिक्षा विभाग के व्याख्याता एवं प्रसिद्ध डॉक्युमेंटरी फिल्म निर्देशक डॉ. जैनेन्द्र दोस्त द्वारा किया जा रहा है। फिल्म सूटिंग के दौरान फिल्म निर्देशक डॉ. जैनेन्द्र दोस्त ने कहा कि इस डॉक्युमेंटरी फिल्म में उड़ान में किए गए नवाचार के विविध पहलुओं को दिखाया जाएगा। स्कूल लीडरशिप एकेडमी कार्यक्रम के तहत भारत के सभी राज्यों से नवाचार करने वाले विद्यालयों का चयन किया जाता है। इस वर्ष बिहार से चार विद्यालयों का चयन किया गया है जिसमें उत्क्रमित मध्य विद्यालय लोहा छपरा का भी चयन हुआ है। इस फिल्म निर्माण हेतु मार्गदर्शन विभा रानी, विभाग प्रभारी,



एससीईआरटी, पटना का है तथा डायट, वैशाली की व्याख्याता डॉ. शालिनी प्रसाद ने इस कार्यक्रम का समन्वय किया है। इस फ़िल्म निर्माण में सिनेमेटोग्राफ़ी राहुल आर्यन ने तथा साउंड रिकॉर्डिंग राज कुमार ने किया। नेशनल सेंटर फ़ॉर स्कूल लीडरशिप के तहत सारण जिले के विद्यालय का चयन होने पर जिला शिक्षा पदाधिकारी निशान्त किरण ने प्रसन्नता ज़ाहिर करते हुए विद्यालय के प्रधानाध्यापक विजयेन्द्र कुमार विजय सहित पूरे विद्यालय परिवार को बधाई दिया।

# इसुआपुर प्रखंड के कुमहैला गांव में शुक्रवार को अखण्ड अष्टयाम का शुरुआत



**दैनिक खोज खबर/इसुआपुर(सारण)** प्रखंड के रामपुर अटौली पंचायत के कुमहैला गांव के ओझा टोला में 24 घंटे के अखंड अष्टयाम का शुरुआत शुक्रवार को हुआ. समाज कल्याण तथा विश्व शान्ति के उद्देश्य कराए जा रहे इस यज्ञ में पंडित काशीनाथ तिवारी तथा कमला कांत तिवारी के मंत्रोच्चारण से वातावरण भक्ति मय हो गया. यज्ञ का संकल्प राजेश ओझा तथा उनकी पत्नी प्रिया ओझा ने लिया. यज्ञ के समापन पर ब्यास मनोकामना सिंह के द्वारा राम बिबाह तथा आरती कराया गया।इस यज्ञ में जिला पार्षद छबिनाथ सिंह,मुखिया धनंजय पांडे, सरपंच संजय ओझा, रंजय ओझा,सर्बेश ओझा,नारायण ओझा,ललन ओझा,सुनील ओझा,रमेश ओझा,संदीप ओझा, रघुबंस ओझा, मनोज ओझा आदि ने मुख्य रूप से भाग लिया.


# मशरक के महेश छपरा में राम-जन्मोत्सव पर भव्य संध्या भजन का आयोजन

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** राम जन्मोत्सव के पावन अवसर पर शुक्रवार को महेश छपरा में भव्य संध्या भजन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन उच्च न्यायालय पटना के वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेश प्रसाद सिंह एवं दंत चिकित्सक कुमार आशुतोष कुमार सिंह के द्वारा किया गया। जिसका संचालन अधिवक्ता चंद्रशेखर सिंह ने किया। आयोजक डॉ. कमलेश प्रसाद सिंह (अध्यक्ष, बिहार पशु चिकित्सक संघ) ने बताया कि इस आयोजन की परंपरा वर्ष 1933 में स्वर्गीय रामदेव सिंह द्वारा शुरू की गई थी, जो पिछले 94 वर्षों से निरंतर श्रद्धा और उत्साह के साथ निभाई जा रही है। कार्यक्रम की शुरुआत रामचरितमानस के स स्वर पाठ से हुई, जिसके बाद प्रदेश के ख्यातिप्राप्त लोक गायकों ने भक्ति और लोक संस्कृति से ओत-प्रोत प्रस्तुतियां दीं। भजन गायक मनन गिरी 'मधुकर' ने ÷जो प्रेम गली में आए नहींज÷, ÷हम तेरे शहर में आए हैंज÷ तथा ÷चैता में राम जी के भईले जनमवाज÷ जैसे भजनों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। वहीं भजन गायिका सुश्री रेणु राज साह ने ÷अयोध्या में राम जी के जनम भयोज÷ एवं ÷हम तोहसे पुछिले कौशल्या रनियाज÷ जैसे भावपूर्ण भजनों की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। लोक गायिका पूर्व जिलापार्षद सुश्री पुष्पा सिंह के गाये भजनों पर श्रोता झूम उठे। इस अवसर पर विधायक जनक सिंह, जिलापार्षद छबिनाथ सिंह, डॉ प्रियंका सिंह, सीताराम सिंह, इंजीनियर विशेश्वर नारायण सिंह, आदित्य कुमार, इंजीनियर कुमार अभिजीत, ऋतुराज सिंह, कामेश्वर सिंह, बिट्टू कुमार सिंह, अभिषेक कुमार, अभिनंदन सिंह, राजीव सिंह, शशि भूषण सिंह समेत कई जनप्रतिनिधि एवं गण्यमान्य लोग उपस्थित रहे।



## मां अंबिका भवानी मंदिर में श्रद्धालुओं का उमड़ा जनसैलाब

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** चैत नवरात्र के पावन अवसर पर सोनपुर अनुमंडल के आमी गांव स्थित पावन शक्तिपीठ मां अंबिका भवानी मंदिर में भक्ति और श्रद्धा की एक अद्वितीय छटा देखने को मिली। चैत नवरात्रि के नवमी तिथि के लेकर शुक्रवार के भोर की पहली किरण के पहले से ही मां अंबिका माई के जयकारों से पूरा इलाका गुंजायमान हो उठा। दूर-दूर से आए हजारों भक्तजन ने हाथों में पूजा की थाली, नारियल, चुनरी और फूल, प्रसाद लेकर मां के दरबार में पहुंचे। मां के दर्शन कर माथा टेका, पिंडी स्वरूप की विधिपूर्वक पूजा की और सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर परिसर दिनभर ÷जय माता दी÷ के जयकारों से गूंजता रहा, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। मान्यता है कि इस शक्तिपीठ में सच्चे मन से मांगी गई हर मुराद पूरी होती है, जिसके कारण यहां श्रद्धालुओं की आस्था विशेष रूप से जुड़ी हुई है। मां अंबिका भवानी का दरबार न केवल आध्यात्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है, बल्कि यह लोगों की आस्था, विश्वास और श्रद्धा का भी केंद्र है। यहां आने वाला हर भक्त मां की कृपा से खाली हाथ नहीं लौटता। आमी वाली मैया की दिव्यता और महिमा इतनी अद्भुत है कि उसे शब्दों में पिरोना मुश्किल है।मंदिर के पुजारी निखिल तिवारी ने बताया कि आमी वाली माँ अंबिका मैया साक्षात आदिशक्ति का स्वरूप माना जाता है। मान्यता है कि यहां भगवती सती का दायां कंधा गिरा था, जिस कारण यह स्थान 51 शक्तिपीठों में एक विशेष स्थान रखता है। यह वही शक्तिपीठ है जहां त्रेता युग में भगवान श्रीराम ने रावण वध से पूर्व मां अंबिका की आराधना की थी और आशीर्वाद प्राप्त कर विजय पाई थी। मां अंबिका की कृपा से असाध्य रोगों से मुक्ति, संतान प्राप्ति, विवाह में आ रही बाधा जैसी समस्याओं का समाधान स्वतः हो जाता है। नवरात्र के विशेष दिनों में मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। रंग-बिरंगी रोशनी, फूलों की सजावट और भव्य श्रृंगार से मां अंबिका भवानी का स्वरूप अत्यंत मनमोहक लग रहा था। भक्त मां के दर्शन कर भाव-विभोर हो उठे और श्रद्धा के साथ माथा टेकते नजर आए।श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए मंदिर प्रशासन और स्थानीय प्रशासन द्वारा सुरक्षा एवं व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। जगह-जगह पुलिस बल की तैनाती की गई थी, ताकि किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। साथ ही श्रद्धालुओं के लिए पेयजल, प्रसाद वितरण और कतारबद्ध दर्शन की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई थी। इस दौरान भजन-कीर्तन और जागरण का भी आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। ढोल-नगाड़ों और माता के गीतों से पूरा परिसर भक्तिमय हो गया। नवरात्र के इस पावन अवसर पर श्रद्धालुओं ने मां अंबिका भवानी से सुख, शांति, समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की। भारी संख्या में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ ने इस धार्मिक आयोजन को और भी भव्य एवं ऐतिहासिक बना दिया।



## सारण में अधिवक्ता पर ग्रामीणों का आरोप, झूठे केस और धमकियों से गांव में दहशत

**दैनिक खोज खबर/इसुआपुर(सारण)।** जिले के एक गांव में उस समय सनसनी फैल गई, जब बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने एक अधिवक्ता के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक से न्याय की मांग की। ग्रामीणों द्वारा दिए गए लिखित आवेदन में कहा गया है कि गांव निवासी अधिवक्ता अफाक अहमद सिद्दीकी लगातार लोगों के साथ गाली-गलौज, धमकी और झूठे मुकदमों में फंसाने जैसे कार्य कर रहे हैं। शिकायतकर्ता मुज़म्मिल हुसैन समेत दर्जनों ग्रामीणों का आरोप है कि अधिवक्ता अपने पेशे और कानूनी ज्ञान का दुरुपयोग कर गांव में भय का माहौल बना रहे हैं। आवेदन में उल्लेख किया गया है कि 13 फरवरी 2026 को बच्चों के बीच हुए मामूली विवाद को बढ़ा-चढ़ाकर अधिवक्ता के छोटे भाई द्वारा उन्हें जानकारी दी गई, जिसके बाद उन्होंने छह निर्दोष लोगों के खिलाफ मामला दर्ज करा दिया। इसके बाद 23 मार्च 2026 को सात अन्य लोगों के खिलाफ भी एक कथित फर्जी मुकदमा दर्ज कराया गया, जबकि ग्रामीणों का कहना है कि उस दिन गांव में कोई घटना ही नहीं हुई थी। यहां तक कि जिन लोगों के नाम मामले में शामिल किए गए हैं, वे भी उस समय रोजी-रोटी के सिलसिले में बिहार से बाहर थे। ग्रामीणों का आरोप है कि अधिवक्ता अक्सर उन्हें यह कहकर डराते-धमकाते हैं कि वे वकील हैं और किसी को भी मुकदमे में फंसा सकते हैं। इससे पूरे गांव में दहशत और असुरक्षा का माहौल व्याप्त है। इस संबंध में ग्रामीणों ने 28 मार्च 2026 को पुलिस अधीक्षक, सारण के लोक शिकायत कोषांग में आवेदन दिया है, जिसे प्राप्त कर लिया गया है। पुलिस अधिकारियों ने मामले की जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से निष्पक्ष और तकनीकी जांच की मांग करते हुए कहा है कि सच्चाई सामने लाई जाए, ताकि निर्दोषों को न्याय मिल सके और गांव में शांति बहाल हो सके।

## स्नातकोत्तर सत्र 2022–24 थर्ड सेमेस्टर परीक्षा परिणाम घोषित करने को लेकर कुलपति को सौंपा ज्ञापन

**दैनिक खोज खबर/छपरा, शनिवार (28 मार्च)।** सामाजिक संगठन भारतीय युवा शक्ति संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष अमित नयन ने सोशल माध्यम (व्हाट्सएप) से स्नातकोत्तर सत्र 2022 24 फर्स्ट सेमेस्टर परीक्षा परिणाम जारी करने को लेकर जयप्रकाश विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर प्रमेंद्र कुमार बाजपेई को स्मार-पत्र सौंपा। नयन कहा कि पिछले साल नवंबर 2025 में स्नातकोत्तर सत्र 2022-24 थर्ड सेमेस्टर का परीक्षा का आयोजन हुआ था। जिसका परीक्षा फल लगभग 4 महीने होने को है फिर भी विश्वविद्यालय द्वारा घोषित नहीं हुआ है। जिसके कारण बहुत से छात्रों का बिहार सरकार द्वारा आयोजित होने वाले क्क्ष परीक्षा, संबंधित विभिन्न स्नातकोत्तर स्तरीय परीक्षा में आवेदन हेतु छात्र पात्र नहीं बन पाएंगे। अतः छात्र हित में शीघ्रतापूर्वक स्नातकोत्तर सत्र 2022-24 थर्ड सेमेस्टर परीक्षाफल घोषित करने की कृपा करें।

## गड़खा युवा जद यू अध्यक्ष के मां का हुआ निध

दैनिक खोज खबर/गड़खा (सारण)। गड़खा प्रखंड यूवा जद यू के प्रखंड अध्यक्ष कुदर बाधा गाँव निवासी मृत्युंजय हिमांशु के माता 85 वर्षीय भाग्यमणि देवी का निधन हो गया है वे काफी मिलनसार व्यक्ति थी और सेवानिवृत्त शिक्षक स्वः शिवकुमार सिंह की पत्नी थी उनके निधन पर कई लोगो ने शोक संवेदना व्यक्त किया है जिसमे जद यु जिला अध्यक्ष वैधनाथ प्रसाद सिंह विकल जिला उपाध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा प्रखंड अध्यक्ष अजय सिंह युवा जद यू जिला अध्यक्ष संतोष पटेल गणेश सिंह पुर्व प्रखंड अध्यक्ष हरेंद्र सिंह अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद काजुदीन मुखिया मुकेश कुमार सिंह पंचायत समिति सदस्य सुरेंद्र माँझी पिन्टू सिंह सेवानिवृत्त प्राचार्य विजय कुमार सिंह ओमप्रकाश गुप्ता रौशन सिंह प्रो राजीव सिंह प्रो उपेन्द्र सिंह रामानुज सिंह आदि।

## लोहरा बाबा कुटी पर अखंड अष्टयाम और भंडारा




**दैनिक खोज खबर** रसूलपुर(एकमा)- थाना क्षेत्र के बलिया कोठी ,बनपुरा आदि गांवों के श्रद्धालुओं ने महेंद्रनाथ धाम के कमलदाह सरोवर के पश्चिम भींडे पर अवस्थित लोहरा बाबा की कुटी पर अखंड अष्टयाम रामनवमी पर आयोजित की. समाधिस्थ संत जवाहर बाबा की परम्परा के अनुसार यहां आयोजित अखंड रामनाम कीर्तन गोरखनाथ बाबा और व्यास वीरेंद्र कुमार सिंह की गायन मंडली ने की. मौके पर आयोजन समिति से जुड़े श्रद्धालु भक्त बलिया कोठी के मूरत पांडेय, रामेश्वर महतो, धर्मनाथ मांझी,कमलदेव यादव, धर्मेन्द्र सिंह, रामराज राम ,वृज भारती, योगेन्द्र सिंह, उमेश यादव आदि उपस्थित रहे और भंडारे का प्रसाद वितरण की.

पितामह पैलेस
शानदार एवं भव्य विवाह और सामाजिक कार्यक्रमों का उत्तम स्थल
हमारी विशेषताएँ
विशाल हॉल
आकर्षक स्टेज व डेकोरेशन
पूर्ण पार्किंग सुविधा
आधुनिक साउंड व लाइटिंग
स्वादिष्ट खानपान की व्यवस्था


विवाह, सगाई, जन्मदिन, सालगिरह, सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रम हेतु उपयुक्त
पता: पितामह चौक, SH-73, मढ़ौरा अमनौर रोड, कर्णपुरा, मढ़ौरा, सारण बिहार- 841401
संपर्क: 7703933168, 9911970162

## छठा विराट शतचंडी महायज्ञ को लेकर किया गया ध्वजारोहण, जुटे कई गांव के ग्रामीण



**दैनिक खोज खबर/गड़खा(सारण)।** गड़खा प्रखंड के पचपतरा स्थित वनदेवी माता मंदिर में भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। संत श्रीरोमणि श्रीधर दास जी महाराज के करकमलों द्वारा विराट शतचंडी महायज्ञ के आयोजन को लेकर भव्य ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में महिलाएं, पुरुष, बच्चे और बुजुर्ग श्रद्धालु उपस्थित रहे और पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया।मौके पर क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए, जिनमें जिला पार्षद के जिलाध्यक्ष पति अमर राय, मुखिया संघ के अध्यक्ष दिनेश राय, प्रमुख हरेंद्र महतो, बीडीसी राजेश सिंह, गणेश प्रसाद सहित आसपास के सभी गांवों के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।इस अवसर पर संत श्रीधर बाबा ने बताया कि पचपतरा माता मंदिर में ग्रामीणों के सहयोग से अब तक पांच बार सफलतापूर्वक यज्ञ का आयोजन किया जा चुका है और अब छठे विराट शतचंडी महायज्ञ की तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। उन्होंने कहा कि यह महायज्ञ क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और कल्याण के लिए आयोजित किया जाता है, जिसमें सभी श्रद्धालुओं की भागीदारी महत्वपूर्ण होती है।ध्वजारोहण के साथ ही पूरे क्षेत्र में धार्मिक उत्साह का माहौल बन गया है और श्रद्धालु आगामी महायज्ञ को लेकर काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं।

## गाजे-बाजे के साथ निकली भव्य कलश यात्रा, डेरनी हनुमान मंदिर में अखंड अष्टयाम शुरू

**दैनिक खोज खबर/दरियापुर (सारण)।** प्रखंड के डेरनी बाजार स्थित हनुमान मंदिर परिसर में धार्मिक उल्लास और भक्ति भाव के बीच अखंड अष्टयाम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा गाजे-बाजे और जयकारों के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में डूब गया। कलश यात्रा मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर डेरनी बाजार का भ्रमण करते हुए सूखमही नदी के तीन मुहानी घाट पहुंची, जहां भक्त महिलाओं एवं श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से जल भरकर पुनः मंदिर पहुंचकर कलश स्थापित किया। मंदिर पहुंचने के बाद



आचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश पूजन एवं पंचांग पूजन संपन्न कराया गया। पूजन की समाप्ति के साथ ही 24 घंटे का अखंड भगवन्नाम संकीर्तन प्रारंभ हो गया, जिसमें क्षेत्र के श्रद्धालु बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं। पूरे मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन, शंखध्वनि और हरिनाम संकीर्तन से आध्यात्मिक माहौल बना हुआ है। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुरली शाह, प्रियंका देवी, त्रिलोकी साह, माला कुमारी, रघु कुमार, रानी कुमारी, सुनील चौधरी, अरुण कुमार, आलोक कुमार, पवन कुमार, किशन देव, रामचंद्र महतो, राजू सर, आयुष कुमार, कुंदन कुमार सिंह, सुधांशु तिवारी, पंकज मिस्त्री, किशोर शाह, ललन शाह, सुमंत बाबा एवं पंकज सिंह सहित अनेक श्रद्धालुओं की सक्रिय भूमिका रही। आयोजकों ने बताया कि अखंड अष्टयाम के दौरान लगातार भजन-कीर्तन एवं धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाएंगे, जिससे क्षेत्र में सुख-शांति और समृद्धि की कामना की जा रही है।

# वन्दे मातरम् के 150 वर्ष पूरे होने पर सामूहिक गायन का हुआ भव्य आयोजन

**दैनिक खोज खबर/छपरा, (28 मार्च)।** राष्ट्गीत वन्दे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शनिवार को सारण जिला मुख्यालय स्थित सभागार सहित जिले के सभी सरकारी कार्यालयों और विद्यालयों में विशेष रूप से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी क्रम में सारण समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सारण के जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, दर्जनों विद्यालय के छात्र-छात्राएं तथा स्काउट एंड गाइड के कैडेट्स बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान सभी ने एक साथ राष्ट्गीत वन्दे मातरम् का सामूहिक गायन कर देश भक्ति की भावना का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर सारण जिले के विभिन्न सरकारी कार्यालयों में भी निर्धारित समय पर राष्ट्गीत का सामूहिक गायन किया गया। कर्मचारियों एवं अधिकारियों ने पूरे उत्साह और गरिमा के साथ कार्यक्रम में भाग लिया, जिससे वातावरण देशभक्ति के रंग में रंग गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए



सारण के जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने कहा कि वन्दे मातरम् केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारत की स्वतंत्रता संग्राम की भावना और ऐतिहासिक गौरव का प्रतीक है। आगे उन्होंने यह भी कहा कि इस गीत ने देशवासियों में आजादी की लड़ाई के दौरान नई ऊर्जा और प्रेरणा का संचार किया था। ऐसे में हम सभी का कर्तव्य बनता है कि इसके महत्व को समझें और इसे स्मरण रखें। उन्होंने छात्र- छात्राओं से आह्वान करते हुए कहा कि राष्ट के इतिहास और संस्कृति से जुड़ी धरोहरों को जानें और उन्हें आगे बढ़ाएं। कार्यक्रम में अपर समाहर्ता, अपर समाहर्ता विधि- व्यवस्था, सिविल सर्जन सहित कई अन्य विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने राष्ट के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए देश की एकता, अखंडता और समृद्धि के लिए कार्य करने का संकल्प लिया।

## भूमि विवादों के निपटारे को लेकर मशरक अंचल कार्यालय में लगा जनता दरबार



**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक अंचल कार्यालय परिसर में बीडीओ पंकज कुमार की अध्यक्षता में भूमि संबंधी विवादों के निपटारे को लेकर जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान क्षेत्र के विभिन्न गांवों से पहुंचे लोगों ने अपनी-अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। अधिकारियों ने मामलों की सुनवाई करते हुए कई विवादों का मौके पर ही निष्पादन किया, जबकि कुछ मामलों को जांच के लिए संबंधित कर्मियों को सौंपा गया। बीडीओ पंकज कुमार ने कहा कि जनता दरबार के माध्यम से आम लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा रहा है और भूमि से जुड़े मामलों में पारदर्शिता लाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पहले के 50 मामले लंबित हैं वहीं 3 नया मामला दर्ज कराया गया। वहीं सभी पर सुनवाई करते हुए 5 का निष्पादन किया गया।उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपनी समस्याओं के समाधान के लिए जनता दरबार का लाभ उठाएं। मौके पर अंचल कर्मी एवं अन्य संबंधित अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## 186 लाभुकों को मिला आयुष्मान गोल्डन कार्ड, अब मुफ्त इलाज का रास्ता आसान



**दैनिक खोज खबर/दरियापुर (सारण)।** सांसद राजीव प्रताप रूडी के निर्देश पर एलएनजी पेट्रोनेट एवं रूरल यूथ कोऑर्डिनेशन सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में दरियापुर प्रखंड के अकबरपुर पंचायत अंतर्गत पट्टीपुल स्थित पूर्व मुखिया हरी सहनी के आवास पर आयुष्मान भारत गोल्डन कार्ड वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस शिविर में अकबरपुर पंचायत के मोहन कोठिया एवं सीतलपुर कोठी गांव के लाभुकों के बीच आयुष्मान भारत योजना के तहत बनाए गए गोल्डन कार्ड का निश्शुल्क वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि राकेश कुमार सिंह उपस्थित रहे। बताया गया कि सारण सांसद राजीव प्रताप रूडी के सौजन्य से कुछ दिन पूर्व विशेष कैंप आयोजित कर पंचायत के लगभग 186 पात्र लोगों का आयुष्मान कार्ड निश्शुल्क बनाया गया था, जिसे अब लाभार्थियों के बीच वितरित किया गया। कार्ड प्राप्त करने के बाद लाभुकों ने खुशी जताते हुए कहा कि अब गरीब परिवारों को इलाज के लिए आर्थिक परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने सांसद के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह योजना जरूरतमंद लोगों के लिए काफी राहत देने वाली है।इस मौके पर मंडल अध्यक्ष मंटू बाबा, मंडल अध्यक्ष मोनू कुमार सिंह, युवा मोर्चा के सुमंत बाबा, पूर्व मुखिया हरी सहनी, विकास सिंह, संजीत कुमार, कृष्णा कुमार सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी लोगों ने योजना के सफल संचालन के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

